**न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी जायल, जिला नागौर**

पीठासीन अधिकारी :– रवीन्द्र कुमार, आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या : 282/2021

**वादीगण–**

1. भंवरलाल गोदारा पुत्र पन्नाराम
2. रामाराम पुत्र पन्नाराम
   जातियान–जाट निवासीगण–आंवलियासर, तहसील जायल (नागौर)

**बनाम**

**प्रतिवादीगण –**

1. पन्नाराम पुत्र नेनूराम
   जाति–जाट निवासी–आंवलियासर, तहसील जायल (नागौर)
2. तहसीलदार जायल जरिये सरकार।

**उपस्थिति :–**

1. श्री गोविन्दराम ढाका अधिवक्ता वादीगण की ओर से
2. श्री रामप्रकाश बेंदा अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 1 की ओर से।
3. प्रतिवादी संख्या 2 राजपैरोकार उपस्थित

**दावा अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**निर्णय** दिनांक : 22/12/2021

वादपत्र का संक्षिप्त विवरण एवं तथ्य इस प्रकार है कि वादीगण द्वारा एक वादपत्र अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत जरिये अधिवक्ता पेश किया। वादीगण ने निवेदन किया कि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 के बडेर की पुस्तैनी भूमि मौजा आंवलियासर तहसील जायल में खेत खसरा नं. 143/199 रकबा 4.8562 हैक्टेयर, खेत खसरा नंबर 448/199 रकबा 5.1881 हैक्टेयर रहती चली आई है। वादीगण वादपत्र के पैरा संख्या 1 में वर्णित खेताय जो वादीगण के पिता प्रतिवादी संख्या 1 पन्नाराम के नाम दर्ज खातेदारी भूमि है जो पुश्तैनी बडेर की भूमि होने से वादीगण हक अधिकार रहता रहा है। वादीगण का नाम खातेदारी में दर्ज नहीं होने से व जन्म से हक अधिकार होने पर भी खातेदारी भूमि में नाम दर्ज नहीं होने तथा राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद नहीं होने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाने के कारण वाद पत्र प्रस्तुत किया है जिसे माफिक वादपत्र स्वीकार किया जाकर वादीगण को प्रतिवादी संख्या 1 पन्नाराम के साथ सहखातेदार घोषित किया जाकर डिक्री किया जावे तथा तहसीलदार जायल को राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद हेतु तहरीर जारी करे।

वादीगण का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया प्रतिवादीगण को जरिये समन तलब किया गया। वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ने दिनांक 06.12.2021 को प्रशासन गांवों के संग अभियान कैम्प शिविर ग्राम पंचायत जालनियासर में स्वयं उपस्थिति के साथ राजीनामा पेश किया जिसमें वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 स्वंय उपस्थित हुवे। जिसमें वादीगण की पहचान



सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) जायल

Scanned with CamScanner

अधिवक्ता श्री गोविन्दराम ढाका ने तथा प्रतिवादी संख्या 1 की पहचान अधिवक्ता श्री रामप्रकाश बेंदा ने की। राजीनामा शामिल पत्रावली किया गया। हस्तगत प्रकरण में प्रतिवादी संख्या 2 राजपैरोकार स्वयं प्रशासन गांवों के संग अभियान कैम्प कोर्ट में उपस्थित है, जो वाद पत्र में केवल परफोर्मा पक्षकार है। वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 द्वारा प्रकरण के संबंध में राजीनामा पेश होने तथा प्रतिवादी संख्या 2 केवल परफोर्मा पक्षकार पेश होने के कारण प्रकरण में विवाद्यक बिन्दू (तनकीयात्) की आवश्यकता नहीं होने से तय नही किये गये तथा पत्रावली साक्ष्य वादी हेतु नियत की गई।

वाद पत्र में दस्तावेजी साक्ष्य के सबूत के तौर पर शपथ पत्र गवाह भंवरलाल गोदारा पुत्र पन्नाराम, पन्नाराम पुत्र नेनूराम के पेश हुवे साथ ही, नकल जमाबन्दी ग्राम आंवलियासर तहसील–जायल सम्वत् 2073–2076 खाता संख्या 80 प्रदर्श–1 पेश हुवे। अधिवक्ता वादीगण द्वारा ओर साक्ष्य पेश नही करने के निवेदन पर साक्ष्य वादी बंद की गई। चूंकि प्रकरण हाजा में प्रतिवादी संख्या 1 द्वारा पत्रावली में जरिये राजीनामा एवं स्वंय उपस्थिति के साथ साक्ष्य शपथ पत्र द्वारा वाद पत्र को स्वीकार किया गया है। इसलिए ओर प्रतिवादी साक्ष्य नहीं करवाने के निवेदन पर प्रतिवादी साक्ष्य बंद की जाकर पत्रावली बहस हेतु नियत की गई।

उभय पक्षकारान एवं अधिवक्ता की बहस सुनी गयी। वादीगण पक्ष के अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि वाद पत्र को माफीक राजीनामा एवं साक्ष्य शपथ पत्र में वर्णित पैराज माफिक स्वीकार किया जाने का निवेदन किया। हस्तगत प्रकरण में प्रतिवादीगण सं. 1 के हक बंट की भूमि का जरिये राजीनामा आपसी सहमति बंटवारा होने की बात को स्वीकारा है तथा माफिक राजीनामा सहमति से वाद पत्र को डिक्री किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की है तथा मुतदाविया खेताय की भूमि पुश्तैनी है तथा पक्षकारान् का कब्जा काश्त भी पेश किया है। अतः वाद पत्र में वर्णित खेताय का प्रस्तुत राजीनामा दिनांक 06.12.2021 के अनुसार स्वीकार किया जावे तथा तहसीलदार जायल को माफिक बंटवाड़ा राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद हेतु तहरीर जारी की जाने का निवेदन अधिवक्ता उभय पक्षकारान् ने किया।

पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। वादीगण के वादपत्र, जमाबन्दी, शपथ पत्रादि व वादीगण एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 के द्वारा प्रस्तुत राजीनामा एवं साक्ष्य शपथ पत्र पर मनन किया गया। प्रतिवादी संख्या 2 राजपैरोकोर को केवल परफोर्मा पक्षकार बनाया गया है। बंटवाडे के वादपत्र में जमाबंदी के अनुसार समस्त खातेदारान पक्षकार के रूप में संयोजित किये जाने अपेक्षित होते है। प्रत्येक खातेदार काश्तकार का वादग्रस्त खेतायों की भूमि में पृथक–पृथक हिस्सा अंकित है जिसके अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण अपने–अपने हिस्से व बंट अनुसार अलग–अलग खातेदारी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने के अधिकारी है साथ ही वादपत्र में प्रस्तुत राजीनामा दिनांक 06.12.2021 में वादीगण तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 ने आपसी सहमति के अनुसार खातेदारी घोषणा तथा माफिक काबिज काश्त होना स्वीकार किया है व वाद पत्र को डिक्री किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की है।

22/12/2021
सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.) जायल



Scanned with CamScanner

हमारी राय में मौजा आंवलियासर के वादग्रस्त खेतायों में सहखातेदार के रूप में संयोजित खातेदार अपने-अपने हिस्से की नियमानुसार सहखातेदारी करवा सकते है, चूंकि वादग्रस्त खेताय में पक्षकारान् वादीगण कमश भंवरलाल, रामाराम द्वारा खेत खसरा नं. 143/199, 448/199 की भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 पन्नाराम पुत्र के साथ सहखातदोरी की इस्तदुआ मुताबिक राजीनामा एवं सहमति से चाही है जिसमें प्रतिवादी संख्या 1 ने सहमति जाहिर की तथा किसी प्रकार की वादपत्र में उजर आपति भी प्रस्तुत नहीं की है। अतः मुताबिक राजीनामा मौजा आवंलियासर के खेत खसरा नंबर 143/199, 448/199 में वादीगण कमशः भवंरलाल गोदारा,रामाराम को प्रतिवादी संख्या 1 पन्नाराम के साथ सहखातेदार घोषित कर हम वादीगण का वाद स्वीकार कर अंतिम डिक्री किया जाना उचित समझते है।

**– : : आदेश : : –**

यत् वादीगण का वाद घोषणा हक खातेदारी एवं बंटवारा अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 स्वीकार किया जाकर निम्न प्रकार से अंतिम डिक्री किया जाता है।

1. **मौजा आवंलियासर के खेत खसरा नंबर 143/199, 448/199 में वादीगण कमशः भवंरलाल गोदारा,रामाराम को प्रतिवादी संख्या 1 पन्नाराम के साथ सहखातेदार घोषित किया जाता है।**

निर्णय आज दिनांक 22/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर द्वारा न्यायालय की मुद्रा से जारी कर सरे इजलास सुनाया गया।

22/12/2021

**(रवीन्द्र कुमार)**
**सहायक कलेक्टर एवं**
**उपखण्ड अधिकारी**
**जायल**



Scanned with CamScanner

**अंतिम डिक्री व मुकदमे इब्तदाई**
**(आर्डर 21 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)**

अज अदालत सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी जायल जिला–नागौर,
व इजलास रवीन्द्र कुमार, आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या : 282/2021

**वादीगण–**

1. भंवरलाल गोदारा पुत्र पन्नाराम
2. रामाराम पुत्र पन्नाराम
   जातियान–जाट निवासीगण–आंवलियासर, तहसील जायल (नागौर)

**बनाम**

**प्रतिवादीगण –**

1. पन्नाराम पुत्र नेनूराम
   जाति–जाट निवासी–आंवलियासर, तहसील जायल (नागौर)
2. तहसीलदार जायल जरिये सरकार।

**उपस्थिति :–**

1. श्री गोविन्दराम ढाका अधिवक्ता वादीगण की ओर से।
2. श्री रामप्रकाश बेंदा अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 1 की ओर से।
3. प्रतिवादी संख्या 2 राजपैरोकार उपस्थित

**दावा अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**– : : डिक्री आदेश : : –**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल तई रूबरू हमारे व श्री गोविन्दराम ढाका अधिवक्ता वादीगण मिनजानिब मुददई प्रतिवादी संख्या 1 की ओर से श्री रामप्रकाश बेंदा अधिवक्ता व प्रतिवादी संख्या 2 पैरोकार उपस्थित मिनजानिब मुददायलाह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि – यत् वादीगण का वाद घोषणा हक खातेदारी एवं बंटवारा अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 स्वीकार किया जाकर निम्न प्रकार से अंतिम डिक्री किया जाता है।

1. **मौजा आवंलियासर के खेत खसरा नंबर 143/199, 448/199 में वादीगण कमशः भवंरलाल गोदारा,रामाराम को प्रतिवादी संख्या 1 पन्नाराम के साथ सहखातेदार घोषित किया जाता है।**

22/12/2021

(रवीन्द्र कुमार)
सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
जायल–(नागौर)



Scanned with CamScanner

राजस्व वाद 282 / 2021
जीसीएमएस नंबर–2021 /
भंवरलाल गोदारा बनाम् पन्नाराम वगैरह

तीज – **मुबलिग** – **बाबत्** –खर्चा इस मुकद्दमे के मय व भारह – सालाना आज की तारीख में तारीख वसूलयाबी तक – की अदा करें। बवक्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख ...22/12/2021... को जारी की गई।

| मुदायराह | रूपया | पैसे | मुदायराह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | वजह सबूत महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | | | खर्चा गवाहान | | |
| फीस कमिश्नर | | | फीस कमिश्नर | | |
| बाबत् इजराज हुक्मनामा | | | बाबत् हुराय हुक्मनामा | | |
| मुतफरिक | | | मुतफरिक | | |
| | | | दर0 तलबाना | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

नोट :–इस वर्ष के फार्म पर कुल खर्चा हाजरी हर दो फरीकेन का, चाहे डिकरे के जरिये दिलाया गया हो, या नही, दर्ज करना चाहिये।

22/12/2021

(रवीन्द्र कुमार)
सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
जायल (नागौर)



Scanned with CamScanner